AN ISO 9001-2015 CERTIFIED COMPANY

# AMAN ASSOCIATE

Office : Sardar Patel Bhawan, Airport Road, Babatpur, Varanasi
Mfgd. Unit : Plot No.- 48, Nevadiya, Jaunpur
Customer Care Support : +91-7800850398
Website : www.scvbrand.com
e-mail : amanassociate574@gmail.com

Aman associate
SCV BRAND
More Quality...
More Value...

# Biggest Income Platform

## Authorised Super Dealer - Term & Conditions

June - 2026



Our Products are not for Medicinal Use

# ऑथराइज्ड सुपर डीलर
## टर्म्स एंड कंडीशंस
### (लागू: जून 2026)

## कार्य क्षेत्र (Work Area)

ऑथराइज्ड सुपर डीलर का कार्य क्षेत्र 1 जिला (One District) रहेगा।
यदि सुपर डीलर 2 जिलों का कार्य क्षेत्र लेना चाहता है, तो उसके लिए अलग निवेश एवं अनुबंध की शर्तें लागू होंगी।

## प्रारंभिक निवेश (Starting Business Amount)

1. जिला: ₹4,51,000
.2 जिले: ₹7,00,000

## अनुबंध अवधि (Agreement Period)

- सुपर डीलर का अनुबंध 11 माह के लिए मान्य रहेगा।
- अनुबंध समाप्त होने पर निर्धारित नियमों के अनुसार Renewal कराया जाएगा।

## भुगतान एवं सीडी (CD) लाभ

- एकमुश्त (Full Payment) भुगतान करने पर सुपर डीलर को 5% CD (Cash Discount) का लाभ प्राप्त होगा।
- किस्त (Installment) में भुगतान करने पर CD की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

## ट्रांसपोर्ट में डैमेज

ट्रांसपोर्ट के दौरान यदि कोई प्रोडक्ट क्षतिग्रस्त (Damage) हो जाता है, तो उसकी रिटर्न/रिप्लेसमेंट सुविधा उपलब्ध रहेगी, बशर्ते कंपनी की निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाए।

## प्रोडक्ट एक्सचेंज सुविधा

- यदि किसी प्रोडक्ट की मार्केट में बिक्री कम हो रही है या बिक्री में कठिनाई आ रही है, तो कंपनी की नीति के अनुसार प्रोडक्ट एक्सचेंज कराया जा सकता है।
- एक्सचेंज की स्थिति में ट्रांसपोर्टिंग खर्च सुपर डीलर द्वारा वहन किया जाएगा।

हस्ताक्षर: ____________________ तारीख:______________________

**ऑथराइज्ड सुपर डीलर**
**टर्म्स एंड कंडीशंस**
**(लागू: जून 2026)**

## लाभ (Profit Margin)

- ऑथराइज्ड रिटेलर एवं मिनी डीलर को डायरेक्ट सेल करने पर लगभग 5% से 15% तक अतिरिक्त लाभ प्राप्त हो सकता है।
- डायरेक्ट मार्केटिंग एवं सेल्फ बिजनेस करने पर 50% से 70% तक लाभ की संभावना रहती है।

## ट्रांसपोर्टिंग नियम (जून 2026)

- सुपर डीलर को ट्रांसपोर्टिंग में लगभग 45% तक कंपनी सहायता प्रदान करेगी।
- पहले सुपर डीलर ट्रांसपोर्टर को पूरा भुगतान करेगा।
- उसके बाद कंपनी की बिलिंग के अनुसार 45% ट्रांसपोर्टिंग राशि एडजस्ट (Deduct/Adjust) की जाएगी।
- यह सुविधा कंपनी की निर्धारित शर्तों एवं नियमों के अनुसार लागू होगी।

## मासिक बिजनेस अनिवार्य

- सुपर डीलर द्वारा नियमित रूप से बिजनेस एवं टर्नओवर बनाए रखना आवश्यक है।
- यदि लगातार 1, 2 या 3 महीने तक बिजनेस शून्य (Zero Business) रहता है अथवा निवेश की गई राशि किसी अन्य कार्य में लगा दी जाती है और सेल्फ बिजनेस नहीं किया जाता, तो कंपनी अनुबंध समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
- ऐसी स्थिति में कंपनी किसी अन्य योग्य व्यक्ति को उसी क्षेत्र की अधिकृत सुपर डीलरशिप प्रदान कर सकती है।

## बिजनेस शुरू करने से पहले

- सुपर डीलर बनने से पहले अपनी आर्थिक क्षमता, बिक्री क्षमता एवं व्यावसायिक योजना का स्वयं मूल्यांकन अवश्य करें।
- केवल कर्मचारियों (Employees) के भरोसे बिजनेस शुरू करना उचित निर्णय नहीं है।
- निवेश आपका है, इसलिए सेल्फ बिजनेस एवं अपने ग्राहकों का नेटवर्क बनाना अनिवार्य है।
- कंपनी के कर्मचारी केवल मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करेंगे।

## प्रोडक्ट रिटर्न नीति

सामान्य परिस्थितियों में बिलिंग के बाद प्रोडक्ट रिटर्न की सुविधा उपलब्ध नहीं है।
इसलिए बिजनेस शुरू करने एवं ऑर्डर बुक करने से पहले सभी पहलुओं पर अच्छी तरह विचार करें।

हस्ताक्षर: ____________________ तारीख: ______________________

## विशेष परिस्थितियों में रिटर्न

- यदि किसी विशेष परिस्थिति में कंपनी रिटर्न स्वीकार करती है, तो ट्रांसपोर्टिंग खर्च, री-प्रोसेसिंग चार्ज, कर्मचारी व्यय तथा 30% सर्विस चार्ज सहित अन्य लागू खर्च सुपर डीलर द्वारा वहन किए जाएंगे।
- इसलिए प्रोडक्ट रिटर्न करना आर्थिक रूप से हानिकारक हो सकता है। सोच-समझकर ही ऑर्डर एवं निवेश करें।

## कंपनी का अधिकार

- कंपनी समय-समय पर आवश्यकतानुसार इन नियमों एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
- सभी सुपर डीलरों के लिए इन नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

## कंपनी का उद्देश्य

रिटेलर, मिनी डीलर, डीलर एवं सुपर डीलर नियुक्त करने का मुख्य उद्देश्य

प्रत्येक अधिकृत सदस्य को अपने निर्धारित कार्यक्षेत्र (Work Area) में व्यवसाय विकसित करने, अधिक से अधिक ग्राहकों तक SCV BRAND के उत्पाद पहुँचाने तथा दीर्घकालीन व्यापारिक अवसर प्रदान करना है।

## सेल्स एवं मार्केटिंग

प्रत्येक अधिकृत रिटेलर, मिनी डीलर, डीलर एवं सुपर डीलर का दायित्व है कि वह अपने क्षेत्र में सक्रिय रूप से सेल्स एवं मार्केटिंग करे, नए ग्राहक जोड़े, बाजार का विस्तार करे तथा अपने व्यवसाय की निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करे।

## कंपनी एवं कर्मचारियों का सहयोग

कंपनी एवं उसके अधिकृत कर्मचारी (Employees) समय-समय पर आपको आवश्यक मार्गदर्शन, सुझाव, प्रशिक्षण एवं व्यवसायिक सहयोग प्रदान करते रहेंगे। यह सहयोग आपके व्यवसाय को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से दिया जाएगा।
हालाँकि, अपने क्षेत्र में ग्राहक बनाना, बिक्री बढ़ाना, मार्केट विकसित करना तथा व्यवसाय का विस्तार करना संबंधित रिटेलर, मिनी डीलर, डीलर एवं सुपर डीलर की स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

हस्ताक्षर: ____________________          तारीख:______________________

## मार्केट डेवलपमेंट

प्रत्येक अधिकृत डीलर अपने कार्यक्षेत्र के बाजार का निरंतर विकास करेगा, ताकि अधिक से अधिक ग्राहकों तक SCV BRAND के उत्पाद एवं सेवाएँ समय पर पहुँच सकें।

## ग्राहक सेवा

ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद, उचित मार्गदर्शन एवं बेहतर सेवा प्रदान करना प्रत्येक अधिकृत डीलर की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी।

## उत्पाद जानकारी

SCV BRAND के लगभग 40 प्रकार के उत्पाद उपलब्ध हैं, जिनकी कुल 115 से अधिक पैकिंग/रेंज उपलब्ध है।

हमारे प्रमुख उत्पाद:
- Animal Feed Supplement
- Poultry Feed Supplement
- Aqua Feed Supplement
- not for medicine

महत्वपूर्ण: कंपनी के सभी उत्पाद "Not For Medicine" श्रेणी के हैं। ये औषधि (Medicine) नहीं हैं, बल्कि पशु आहार अनुपूरक (Feed Supplement) के रूप में उपयोग किए जाते हैं।

## महत्वपूर्ण शर्त

यदि आप स्वयं सेल्स एवं मार्केटिंग करने, नए ग्राहक बनाने तथा अपने क्षेत्र में व्यवसाय विकसित करने में सक्षम नहीं हैं, तो रिटेलर, मिनी डीलर, डीलर अथवा सुपर डीलर बनने का निर्णय न लें।

## कंपनी पर निर्भरता

कृपया यह अपेक्षा न रखें कि कंपनी आपके क्षेत्र में आकर आपके लिए ग्राहक बनाएगी या आपकी ओर से मार्केटिंग करेगी। कंपनी गुणवत्तापूर्ण उत्पाद, आवश्यक सहयोग, प्रशिक्षण एवं व्यवसायिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराती है, जबकि ग्राहक बनाना, बिक्री बढ़ाना एवं व्यवसाय का विस्तार करना संबंधित अधिकृत डीलर की जिम्मेदारी है।

हस्ताक्षर: ____________________ तारीख:_______________________

## अंतिम स्पष्टीकरण

यदि कंपनी स्वयं प्रत्येक क्षेत्र में ग्राहकों का निर्माण एवं संपूर्ण मार्केटिंग कर सकती, तो रिटेलर, मिनी डीलर, डीलर एवं सुपर डीलर नियुक्त करने की आवश्यकता ही नहीं होती। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अधिकृत डीलरशिप व्यवस्था लागू की गई है।

## ऑथराइज्ड सुपर डीलर – नियम एवं शर्तें (Terms & Conditions)
## कैश ऑन डिलीवरी (COD) सुविधा

सुपर डीलर के लिए Cash on Delivery (COD) की सुविधा उपलब्ध है।

COD की शर्तें:
- कुल बिल राशि का 50% अग्रिम (Advance) भुगतान अनिवार्य होगा।
- शेष 50% भुगतान प्रोडक्ट ट्रांसपोर्ट तक पहुँचने के बाद कंपनी के अधिकृत खाते में करना होगा।
- भुगतान प्राप्त होने के बाद कंपनी ट्रांसपोर्टर को भुगतान की पुष्टि (Confirmation) करेगी, जिसके बाद ट्रांसपोर्टर आपको प्रोडक्ट सुपुर्द करेगा।
- COD सुविधा प्राप्त करने के लिए कंपनी द्वारा निर्धारित COD Terms & Conditions पर हस्ताक्षर कर कंपनी को भेजना अनिवार्य होगा।

महत्वपूर्ण
यदि COD बुकिंग कराने के बाद—
- प्रोडक्ट लेने से मना किया जाता है।
- ट्रांसपोर्ट से प्रोडक्ट रिसीव नहीं किया जाता।
- अनावश्यक देरी या आना-कानी की जाती है।
- प्रोडक्ट वापस लौटता है।

तो ऐसी स्थिति में आने वाले ट्रांसपोर्ट, री-ट्रांसपोर्ट, पैकिंग, सर्विस एवं अन्य सभी खर्चों की कटौती सुपर डीलर के बिल/सिक्योरिटी राशि से की जाएगी।

## मार्केटिंग एवं सेल्स सहयोग

कंपनी के TDM, BDM एवं Sales Officer मार्केटिंग एवं बिजनेस डेवलपमेंट में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।
- प्रथम चरण में कंपनी द्वारा Retailer, Mini Dealer एवं Dealer नियुक्त किए जाएंगे।
- उसके बाद सभी नियमित बिलिंग एवं प्रोडक्ट सप्लाई संबंधित क्षेत्र के Authorized Super Dealer के माध्यम से होगी।

हस्ताक्षर: ____________________ तारीख:______________________

## प्रथम बिलिंग एवं सप्लाई प्रक्रिया

- प्रथम बिलिंग का भुगतान प्राप्त होने पर कंपनी सुपर डीलर के नाम Credit Note जारी करेगी।
- सुपर डीलर संबंधित Retailer, Mini Dealer एवं Dealer को प्रोडक्ट सप्लाई करेंगे।
- कंपनी आवश्यकतानुसार सुपर डीलर को लाभ (Profit Margin) सहित पुनः प्रोडक्ट उपलब्ध कराती रहेगी।

## भुगतान (Payment) संबंधी नियम

किसी भी प्रकार का भुगतान करने से पहले कंपनी के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर बैंक खाते की पुष्टि अवश्य करें।
केवल कंपनी के अधिकृत बैंक खाते में ही भुगतान करें।

यदि किसी अन्य व्यक्ति, कर्मचारी या फर्जी खाते में भुगतान किया जाता है, तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं भुगतानकर्ता की होगी। कंपनी इसके लिए उत्तरदायी नहीं होगी।
अधिकृत बैंक विवरण

Account Name: Aman Associate
Bank: Union Bank of India
Account No.: 408201010100200
IFSC Code: UBIN0540820
Branch: Nevadiya
PIN Code: 222128

☎ हेल्पलाइन: 7800850398
प्रत्येक भुगतान से पहले इसी नंबर पर बैंक विवरण की पुष्टि अवश्य करें।

## फ्रॉड से सावधान

कुछ असामाजिक तत्व एवं फर्जी कर्मचारी—

- फर्जी इनवॉइस,
- फर्जी डीलर फॉर्म,
- फर्जी बैंक अकाउंट

दिखाकर धोखाधड़ी करने का प्रयास कर सकते हैं।
सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है।

हस्ताक्षर: ____________________ तारीख:_______________________



**ऑथराइज्ड सुपर डीलर**
**टर्म्स एंड कंडीशंस**
**(लागू: जून 2026)**

## प्रोडक्शन एवं डिस्पैच

भुगतान प्राप्त होने के बाद प्रोडक्ट तैयार करने में लगभग 2 से 3 कार्य दिवस का समय लग सकता है। इसके बाद प्रोडक्ट ट्रांसपोर्ट के माध्यम से भेज दिया जाएगा तथा बिल्टी (LR/Transport Receipt) उपलब्ध करा दी जाएगी।

## सुपर डीलर विवरण

प्रोपराइटर का नाम : ________

* फर्म का नाम : ________

* GST नंबर : ________

* स्थायी पता : ________

* मोबाइल नंबर : ________

* आधार नंबर : ________

* सुपर डीलर अमाउंट : ________

संलग्न दस्तावेज़
✅ आधार कार्ड की फोटो कॉपी
✅ 01 पासपोर्ट साइज फोटो

## सहमति (Declaration)

मैंने कंपनी के सभी नियम एवं शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है, उन्हें पूर्ण रूप से समझ लिया है तथा उनसे पूर्णतः सहमत हूँ। मैं स्वेच्छा से SCV BRAND का Authorized Super Dealer बनने के लिए सहमत हूँ।

हस्ताक्षर: ____________________ तारीख:_______________________

